राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार, पटना

वार्षिक मूल्यांकन- 2026

प्रश्न-पत्र

कक्षा- III | **विषय- पर्यावरण और हम**

समय- 2 घंटे | **पूर्णांक- 50**

निर्देश

- इस प्रश्न-पत्र में कुल 5 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है।
- प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके लिए निर्धारित अंक एवं निर्देश अंकित हैं।

1. कोष्ठक में दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(कुम्हार, दीप, सूती, मोबाइल, चार) **5x2= 10**

(क) संदेश भेजने का तेज साधन .... है।

(ख) दीपावली में .... जलाते हैं।

(ग) दिशाएँ .... होती हैं।

(घ) मिट्टी का बर्तन .... बनाता है।

(ङ) गर्मी में .... कपड़ा पहनना चाहिए।

2. दिए गए कथनों में सही के लिए (√) तथा गलत के लिए (×) का चिह्न लगाइए। **5x2= 10**

(क) टमटम पेट्रोल से चलता है। ☐

(ख) लकड़ी का सामान कुम्हार बनाता है। ☐

(ग) 'लुई ब्रेल' आँखों से देख नहीं पाते थे। ☐

(घ) मिथिला के लोग दही-चूड़ा खाना पसन्द करते हैं। ☐

(ङ) तुलसी पत्ता का उपयोग दवा के रूप में किया जाता है। ☐

3. **स्तंभ ‘अ’ का उपयुक्त मिलान स्तंभ ‘ब’ से कीजिए।** **5x2= 10**

स्तंभ ‘अ’	**स्तंभ ‘ब’**
(क) दर्जी	(i) तीन पहिया वाहन
(ख) हॉकी	(ii) माँस नहीं खाने वाला
(ग) रिक्शा	(iii) छायादार पेड़
(घ) भैंस	(iv) कपड़ा सिलने वाला
(ङ) बरगद	(v) राष्ट्रीय खेल

4. **लघु उत्तरीय प्रश्न (लगभग 50 शब्दों में उत्तर दीजिए)।** **2x5= 10**

(i) आप कच्चे एवं पक्के रंग से क्या समझते हैं?

(ii) कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए क्या-क्या करते हैं? लिखिए।

5. **दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दीजिए)।** **1x10= 10**

आपको कौन-सा खेल सबसे ज्यादा पसंद है और वह कैसे खेला जाता है? लिखिए।

अथवा

पानी का उपयोग किन-किन कामों में किया जाता है? इसकी बचत किस प्रकार कर सकते हैं?